पत्रांक–14 / ए०एफ०–48 / 2025..........

बिहार सरकार

उच्च शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक....... / .... / 2026

विषयः– गोवर्द्धन चौधरी डिग्री कॉलेज, मकसुदपुर, मीनापुर, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों अंतर्गत विभिन्न विषयों में शैक्षणिक सत्र 2026–30 के लिए चार वर्षीय स्नातक स्तरीय CBCS पाठ्यक्रम में अस्थायी नव संबंधन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक–B/2403(C) दिनांक–27.09.2025 के संबध में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की धारा 21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत परिनियम 1098 दिनांक–19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के आलोक में राज्य सरकार द्वारा गोवर्द्धन चौधरी डिग्री कॉलेज, मकसुदपुर, मीनापुर, मुजफ्फरपुर को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों अंतर्गत विभिन्न विषयों में शैक्षणिक सत्र 2026–30 के लिए चार वर्षीय स्नातक स्तरीय CBCS पाठ्यक्रम में अस्थायी नव संबंधन की सहमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि :–

1. यू०जी०सी० के अद्यतन मानक के अनुरूप अपेक्षित संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति / नियोजन सुनिश्चित करेंगे।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भविष्य में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अनुसार होनेवाले वांछित आधारभूत संरचनाओं एवं मानवबल में किए जाने वाले परिमार्जन से महाविद्यालय का संबंधन आच्छादित होगा।
3. साथ ही अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेगें।

	संकाय	विषय	अभियुक्ति
01	कला संकाय	इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिन्दी, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं अर्थशास्त्र (कुल 10 विषयों में)	सत्र 2026–30 के लिए अस्थायी नव संबंधन।
02	विज्ञान संकाय	भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, एवं गणित (कुल 05 विषयों में)	सत्र 2026–30 के लिए अस्थायी नव संबंधन।

03	वाणिज्य संकाय	एकाउण्टेन्सी (कुल 01 विषय में)	सत्र 2026–30 के लिए अस्थायी नव संबंधन।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक :–14/ए०एफ०–48/2025...206 दिनांक...11/02/2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निजी सहायक/निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक/उप निदेशक, उच्च शिक्षा एवं सचिव, गोवर्द्धन चौधरी डिग्री कॉलेज, मकसुदपुर, मीनापुर, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

2.आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

S_AF_ 175